झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 46 • दुमका • बुधवार, 17 फरवरी 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

किसान आंदोलन का निकलेगा हल? नड्डा की शाह संग बड़ी बैठक

नई दिल्ली। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले लगभग 80 दिनों से जारी किसान आंदोलन के बीच किसान संगठनों द्वारा की जा रही महापंचायत के मद्देनजर अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश और राजस्थान के नेताओं के साथ बैठक की।

सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार चाहर, सांसद सत्यपाल सिंह सहित कुछ अन्य नेता इस बैठक में शामिल हुए।

ज्ञात हो कि कृषि कानूनों को लेकर सबसे अधिक नाराजगी पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तरप्रदेश और राजस्थान के किसानों में देखी गई है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक इन राज्यों में हो रही खाप पंचायतों के मद्देनजर यह बैठक बुलाई गई है। दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर डटे किसानों में अधिकांश इन्हीं राज्यों के हैं। कृषि कानूनों को लेकर किसानों और सरकार के बीच 11 दौर की वार्ता हुई है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका।

बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट में मिले कोरोना से संक्रमित 103 मरीज

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट में कोरोना वायरस के कुल 103 मामले मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ये मामले उस पार्टी के बाद सामने आए, जिसे रेसिडेंशियल सोसाइटी एसएनएन राज लेकव्यू में हाल ही में आयोजित किया गया था। अपार्टमेंट को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है और उन्हीं लोगों को बाहर निकलने की अनुमति है, जिसके पास कोरोना का निगेटिव सर्टिफिकेट होगा। इससे पहले, 13 फरवरी को आरटी नगर के नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाले 42 स्टूडेंट्स संक्रमित पाए गए थे।

ब्रुहट बेंगलुरु महानगर पालिके (इइटढ) ने पुष्टि की है कि बोमनहल्ली इलाके में यह राज लेकव्यू अपार्टमेंट स्थित है और यहां से 103 पॉजिटिव केस सामने आए हैं। इन मामलों के सामने आने के बाद बीबीएमपी ने केरल से जो भी शहर में आएगा, उसे कोरोना की निगेटिव आरटी-पीसीआर सर्टिफिकेट दिखाना होगा।

गुड मॉर्निंग

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 20 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गईं...!

दरअसल, ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी...

किताब का नाम था - 'एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे'

और गलती से हो गया - 'एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे...

बिजनेस

सेंसेक्स

52,104.17–49.96 (0.096%)

निफ्टी

15,313.45–1.25 (0.0082%)

दैनिक पंचांग

तिथिः शुक्ल षष्ठी - पूर्ण रात्रि तक
मास अमांतः माघ
मास पूर्णिमांतः माघ
वारः बुधवार सम्वतः 2077
नक्षत्रः अश्विनी - 23:49:14 तक
योगः शुक्ल - 26:37:14 तक
करणः कौलव - 19:01:39 तक

मौसम

अधिकतम – 29°
न्यूनतम – 17°

सूर्योदयः 06:58:20
सूर्यास्तः 18:12:28

मध्यप्रदेश में दर्दनाक हादसा | 54 यात्रियों से भरी बस नहर में गिरी

20 महिलाओं और एक बच्चे समेत 47 यात्रियों की मौत

सीधी/एजेंसी।

मध्यप्रदेश के सीधी में मंगलवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। सीधी के रामपुर नैकिन थाना इलाके में 54 यात्रियों से भरी बस नहर में गिर गई। अब तक 47 शव निकाले जा चुके हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद सात लोगों को बचाया गया, जबकि ड्राइवर तैरकर बच निकला। उसे हिरासत में लिया है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बस हादसे को लेकर सीधी के कलेक्टर से बात की। दर्दनाक हादसे को देखते हुए शिवराज सिंह ने गृह प्रवेश कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई। इनमें 10-10 हजार रुपये तत्काल प्रभाव से पीड़ित परिजनों को दिए जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, जिस समय यह हादसा हुआ, बस सीधी से सतना जा रही थी। साइड लेने के दौरान वह पुलिया से सीधे नहर में जा गिरी। घटना की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण व अन्य लोग बस में फंसे लोगों की मदद में जुट गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे हो गए। एसडीआरएफ और गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही बस में सवार लोगों के स्वजन भी मौके पर पहुंच रहे हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है। नहर की गहराई 20 से 22 फीट बताई जा रही है। हादसे के चार घंटे बाद 11:45 बजे क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला गया।

● चालक की जल्दबाजी ने लील लीं जिंदगियां

पुलिस के मुताबिक, बस की क्षमता 32 सवारियों की थी, लेकिन इसमें 54 यात्री भर लिए गए थे। बस को अपने तय समय पर सुबह पांच बजे रवाना होना था, लेकिन ये सुबह तीन बजे रवाना हो गई। सीधी मार्ग पर छुहिया घाटी से होकर बस को सतना जाना था, लेकिन यहां जाम की वजह से ड्राइवर ने रूट बदल दिया। वह नहर के किनारे से बस ले जा रहा था। यह रास्ता काफी संकरा था और इसी दौरान ड्राइवर ने संतुलन खो दिया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। बस के नहर में गिरते ही ड्राइवर बालेंद विश्वकर्मा ने तैरकर अपनी जान बचा ली। वह रीवा जिले के हरदुआ सेमरिया गांव का रहने वाला है। बता दें कि झांसी से रांची के जाने वाला हाईवे सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली होते हुए जाता है। यहां जगह-जगह सड़क खराब और अधूरी है। इस वजह से यहां आए दिन जाम की स्थिति रहती है।

● बस का परमिट रद्द

वहीं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बस का परमिट रद्द कर दिया है। साथ ही ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को इस हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ये बस जबलानाथ परिहार ट्रेवल्स की थी। बस के मालिक कमलेश्वर सिंह हैं। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि जांच में जो भी दोषी होगा छोड़ा नहीं जाएगा

● पीएम ने अनुग्रह राशि की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीधी बस हादसे पर दुख जताया। साथ ही मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मुआवजा देने और गंभीर रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिए जाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी।

● गृह मंत्री शाह ने शिवराज से की बात

गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्य प्रदेश के सीधी जिले में हुआ बस हादसा बहुत दुःखद है, मैंने मुख्यमंत्री शिवराज जी से बात की है। स्थानीय प्रशासन राहत व बचाव के लिए हर संभव मदद पहुंचा रहा है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

पुडुचेरी की उप-राज्यपाल किरण बेदी को पद से हटाया

तेलंगाना की राज्यपाल को सौंपा अतिरिक्त प्रभार

पुदुचेरी/एजेंसी।

राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार रात एक बयान जारी कर स्पष्ट किया गया है कि किरण बेदी को पुदुचेरी के लेफ्टिनेंट गवर्नर के पद से हटा दिया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के ऑफिस से जारी बयान के मुताबिक, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसई सौंदराराजन को पुदुचेरी के उपराज्यपाल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, उन्हें क्यों हटाया जा रहा है इस बात का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुदुचेरी में इसी वर्ष चुनाव होने हैं। इसके बीच इस घटनाक्रम को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हाल ही में पुदुचेरी के सीएम वी नारायणसामी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भेंट की थी। इसमें उन्होंने मांग की थी कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किरण बेदी को वापस बुलाया जाए। दरअसल, नारायणसामी का आरोप था कि उपराज्यपाल किरण बेदी चुनी हुई सरकार के प्रस्तावों के क्रियान्वयन में रोड़े अटका रही हैं। राष्ट्रपति के इस फैसले का तमिलनाडु, गोवा और पुदुचेरी कांग्रेस के इंचार्ज दिनेश गुंडूराव ने स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'यह पुदुचेरी के लोगों की जीत है। किरण बेदी भारत के इतिहास की सबसे खराब एलजी थीं। वह पुदुचेरी में कांग्रेस की सरकार को ठीक ढंग से काम नहीं करने दे रही थीं। उनका दफ्तर बीजेपी/आरएसएस का दफ्तर था। इन सबके बीच आपको बता दें कि 29 मई 2016 को किरण बेदी को पुदुचेरी के उपराज्यपाल पद पर नियुक्त किया गया था।

» ...और कांग्रेस को लग गया झटका

इस बीच आपको बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुदुचेरी दौरे से पहले विधायक ए जॉन कुमार ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री वी नारायणसामी के करीबी माने जाने वाले कुमार के इस्तीफे को विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए एक और झटका माना जा रहा है। कुमार वर्ष 2019 में हुए उपचुनाव में कामराज नगर सीट से निर्वाचित हुए थे।

» कांग्रेस में चल रही है उठापटक

राहुल गांधी बुधवार को विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत करने आ रहे हैं। उनके दौरे से पहले विधानसभा से इस्तीफा देने वाले वह चौथे कांग्रेसी विधायक हैं। कुमार का इस्तीफा पार्टी के वरिष्ठ विधायक मल्लाडी कृष्णा राव के इस्तीफे के बाद आया है जिन्होंने पहले स्वास्थ्य मंत्री का पद छोड़ दिया था और सोमवार को विधानसभा से भी इस्तीफा दे दिया था।

अब रिहाना ने 'टॉपलेस' होकर पहना भगवान श्रीगणेश का पेंडेट!

नयी दिल्ली/एजेंसी।

रिहाना को लेकर भारत में पहले से ही बहुत आक्रोश है। उनके ट्वीट के बाद ही भारत में किसान आंदोलन ने विवाद का रूप ले लिया। बता दें कि पॉप गायिका रिहाना ने किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए लिखा था, व्हाय वी आर नॉट टॉकिंग एबाउट दीस। उनके इस ट्वीट के बाद भारत का किसान आंदोलन अंतराष्ट्रीय स्तर चर्चित हो गया था। अभी वो विवाद शांत हुआ ही नहीं था कि रिहाना ने एक बार फिर विवाद खड़ा कर दिया है, इस बार उन्होंने हिंदू धर्म की भावनाओं को आहत करने वाला काम किया है।

दरअसल, सोशल मीडिया में रिहाना का एक फोटो जमकर वायरल हो रहा है। इस फोटो में वे टॉपलेस है और गले में भगवान गणेश का पेंडेट पहन रखा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह फोटो उन्होंने खुद ट्विटर पर शेयर की है। इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया में बवाल उठ गया है। यह तस्वीर एक लॉन्जरी ब्रांड के लिए करवाए गए फोटो शूट की है।

बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, लखनऊ में पीएफआई के 2 सदस्य गिरफ्तार

लखनऊ/एजेंसी।

उत्तरप्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने लखनऊ समेत देश के विभिन्न हिस्सों में एकसाथ आतंकी हमले की साजिश नाकाम करते हुए आतंकी संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कमांडर समेत 2 सदस्यों को मंगलवार शाम लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गए हैं। राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार के अनुसार लखनऊ को बम धमाकों से दहलाने की साजिश नाकाम करते हुए एसटीएफ ने

बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली

पीएफ के मिलिट्री कमांडर बदरुद्दीन को उसके साथी केरल के ही निवासी फिरोज खान को मंगलवार शाम को लखनऊ के कुकरैल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। दोनों को गुडम्बा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। ये आतंकी लखनऊ को बम धमाकों से दहलाने केरल से आए थे। उनके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। लखनऊ में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध की आड़ में आग फैला चुके संगठन पीएफआई ने अब देश-प्रदेश को दहलाने की साजिश रची थी।

वसंत पंचमी के आसपास लखनऊ में होने वाले हिन्दू संगठनों के कार्यक्रमों में आतंकी हमले के लिए पीएफआई के 2 आतंकी केरल से लखनऊ पहुंच भी गए। लेकिन वे अपने खौफनाक मंसूबों को पूरा कर पाते, उससे पहले एसटीएफ ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

कोविड-19 नियमों का सख्ती से करें पालन, अन्यथा एक और लॉकडाउन होगाः सीएम ठाकरे

मुंबई/एजेंसी। महाराष्ट्र में कोविड-19 के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस बात से चिंतित मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागरिकों को आगाह करते हुए कहा कि मास्क पहनने और उचित दूरी का पालन करने जैसे निर्देशों का सख्ती से पालन करें या एक बार फिर लॉकडाउन का सामना करने के लिए तैयार रहें।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बीते रविवार को पिछले एक महीने से अधिक समय में सबसे ज्यादा संक्रमण के 4092 मामले सामने आए। वहीं मंगलवार को 3663 नए मामले आए। पिछले सात दिनों से रोजाना लगातार 3,000 से ज्यादा मामले आ रहे हैं। मुंबई से 461 मामले आए।

इन आकड़ों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नागरिकों को फैसला करना है कि क्या वह संक्रमण पर नियंत्रण के लिए फिर से लॉकडाउन का सामना करना चाहते हैं? उन्होंने कहा, ''राज्य के लोगों को इसका फैसला करना है कि वह लॉकडाउन चाहते हैं या कुछ पाबंदी के साथ मुक्त तरीके से रहना चाहते हैं। मास्क पहनें और भीड़-भाड़ करने से बचें अन्यथा फिर से लॉकडाउन का सामना करना पड़ेगा।''

पूर्वी लद्दाख से ड्रैगन की वापसी, बोरिया-बिस्तर समेट रहे चीनी जवान

नयी दिल्ली/एजेंसी।

इस हफ्ते के आखिरी तक पैंगोंग सो इलाके को पूरी तरह से खाली करा लिया जाएगा। दोनों देशों के बीच तय समझौते के अनुसार भारतीय सेना फिंगर-3 तक पीछे हटेगी और चीनी सेना को फिंगर 8 तक पीछे हटना है। इस इलाके से चीनी सेना अपने बंकर और तम्बू उखाड़ कर वापस भी लौटने लगी है। सेना के सूत्रों ने बताया कि सोमवार को चीन सेना ने लेक के उत्तरी हिस्से को पूरी तरह से करीब-करीब खाली कर दिया है। चीन ने बड़ी संख्या में युद्धक टैंक, बख्तरबंद वाहन और पूर्वी लद्दाख क्षेत्र के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों की तैनाती की थी। इसके बाद पिछले जून में गालवान घाटी में हुए एक हिंसक झड़प के बाद तनाव बढ़ गया था। गालवान घाटी में 15 जून को हुए झड़प में भारत के 20 सैनिक शहीद हो गए थे। अब सामने आ रही तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि दोनों देशों की सेना गतिरोध वाले स्थान से खुद को समेट रही हैं। इस तस्वीर में आप देख सते हैं कि चीन की सेना पैंगोंग सो के साउथ ब्लाक में बने बंकर को नष्ट कर रही है। भारत और चीन के बीच हुए समझौते का अमेरिका ने भी स्वागत किया है। अमेरिका ने कहा है कि स्थिति की निगरानी करेगा क्योंकि दोनों पक्ष शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, हम सैन्य टुकड़ी की वापसी पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। स्थिति सामान्य करने के लिए चल रहे प्रयासों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से स्थिति की निगरानी करना जारी रखेंगे क्योंकि दोनों पक्ष शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं।

टूलकिट मामलाः दिल्ली पुलिस ने दिशा रवि की गिरफ्तारी को बताया उचित, संदिग्ध शांतनु को जमानत

नयी दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली पुलिस ने टूलकिट मामले में जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी को मंगलवार को उचित ठहराते हुए कहा कि यह कार्रवाई कानून के अनुरूप की गई है। वहीं बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में एक अन्य संदिग्ध पुणे के इंजीनियर शांतनु मुलुक को दस दिन की अग्रिम जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया था कि दिशा रवि तथा मुम्बई की वकील निकिता जैकब और शांतनु ने 'टूलकिट तैयार की और दूसरों के साथ इसे साझा करके भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की।

टूलकिट मामले में अपनी जांच को तेज करते हुए दिल्ली पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मंच 'जूम को पत्र लिखकर, कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक एक समूह द्वारा 11 जनवरी को आयोजित ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए लोगों के संबंध में जानकारी मांगी है, जबकि जांचकर्ता वित्त पोषण के पहलू की भी जांच कर रहे है।

रवि को टूलकिट का कथित तौर पर निर्माण करने के लिए बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था और उसे रविवार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया था। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस से सोशल मीडिया पर एक टूलकिट साझा करने में संलिप्तता के लिए गिरफ्तार रवि को प्राथमिकी की एक प्रति और अन्य दस्तावेज मुहैया कराने तथा अपने परिवार से उन्हें बातचीत करने की अनुमति दे दी है।

उपराजधानी में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से मनाई गई

(झारखण्ड देखो /टीम)

दुमका ।
उपराजधानी दुमका में मंगलवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से हुई। पूजा पंडालों में मां की प्रतिमा स्थापित करके श्रद्धालुओं ने आराधना की। बाजार में सुबह से ही चहल-पहल थी। पूजन सामग्री खरीदने के लिए लोग बाजार पहुंचे। भीड़ की वजह से टीन बाजार चौक कई घंटे के लिए पूरी तरह से जाम रहा। पुलिस को आगे आकर भीड़ को नियंत्रित करना पड़ा। युवा वर्ग में पूजा के लिए खासा उत्साह था। हर गली में पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित की गई थी। युवा और युवतियां दिन पर भर नए कपड़े पहनकर मां के दर्शन करते रहे। शहर की न्यू बाबु पाड़ा सरस्वती पूजा समिति, श्रीरामपाड़ा, टीनबाजार, कुमारपाड़ा, रसिकपुर, राखाबनी, ग्रांट स्टेट, नीचे बाजार आदि जगहों पर भव्य पंडाल बने थे। युवतियों ने मां के साथ सेल्फी ली। पूरा दिन मां के पूजन में बीता।श्री रामपाड़ा में लगातार दसवीं बार मां की पूजा की गई। कमेटी के सदस्य सौरभ कुमार ने कहा कि पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया। पीयूष राज, पीयूष कुमार, मो. आबू यशराज एवं छात्र-छात्राओं ने मां शारदा का पूजन किया।जामा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में युवा वर्ग ने टोली बनाकर पूजा की। चिकनियां में तीन दिवसीय संकीर्तन शुरू हुआ, पश्चिम बंगाल के गायिका द्वारा पालागान किया गया। बासुकीनाथ एवं जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र में विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा की गई। विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालय, शैक्षणिक संस्थान एवं क्लबों में पूजा की गयी। प्रखंड क्षेत्र के बालक मध्य विद्यालय जरमुंडी में प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार के नेतृत्व में, बाल भारती आवासीय विद्यालय में सचिव संजीव कुमार, मॉडर्न पब्लिक इंग्लिश स्कूल नावाडीह में प्राचार्य नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सहित अन्य स्थानों पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा माता की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई। मॉडर्न पब्लिक इंग्लिश स्कूल नावाडीह में एवं बाल भारती आवासीय विद्यालय जरमुंडी में संचालक संजीव कुमार के अगुवाई में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव को लेकर जारी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए पूजा-अर्चना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। दूसरी ओर बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सरस्वती मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भोलेनाथ के पूजन उपरांत माता सरस्वती के पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही।रामगढ़ प्रखंड के अधिकांश सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालय में कोरोना वायरस के कारण मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई। वहीं कुछ विद्यालय में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर साधारण ढंग से पूजा अर्चना की गई। रोज गार्डन विद्यापीठ, मिशन बोर्डिंग स्कूल, बिरसा मुंडा उच्च विद्यालय विद्यालय में शिक्षक-ों एवं कुछ बच्चों द्वारा पूजा की गई। युवाओं द्वारा गिने-चुने जगह पर ही इस वर्ष सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। सिंदुरिया में युवाओं द्वारा काफी धूमधाम से पूजा हुई। पत्ताबाड़ी , शिकारीपाड़ा प्र-खंड अंतगर्त पत्ताबाड़ी, इंदरबनी, चाकलत्ता, मुड़ायाम, गंद्रकपुर, गुजीसिमल, गमरा, पलमा, सीतासाल, लडुवाकेंद केंद हाड़ी गांवो में मंगलवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई।सैरियाहाट निजी स्कूलों, शैक्षणिक संस्थान एवं गांव मुहल्ले में सरस्वती पूजा मनाई गई। कोरोना महामारी को देखते हुए सरकारी स्कूलों में सरस्वती पूजा नहीं होने से पूजा का आनंद फीका रहा। जबकि निजी कोचिग एवं शैक्षणिक संस्थान में कोरोना की परवाह किए बिना प्रशासन के आदेशों का जमकर धज्जियां उड़ाई गई। कि-सी ने भी मास्क का उपयोग नहीं किया।नोनीहाट सरस्वती मंदिर में मां शारदा का सार्वजनिक पूजन किया गया। पूजा के लिए महिला व पुरुषों का तांता लगा रहा। संस्था स्पीड क्लब के अलावा कोचिग केंद्र में सरस्वती महारानी का पूजन आस्था,श्रद्धा पूर्वक किया गया। हंस वाहिनी का पूजन घर घर में श्रद्धालुओं ने विद्या, विवेक और ज्ञान की कामना की।

संक्षिप्त समाचार

झामुमो ने किया सरकार के प्रति आभार

● दुमका में हाईकोर्ट खंडपीठ की स्थापना को लेकर

दुमका। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका जिला में

झारखंड उच्च न्यायालय का खंडपीठ गठित किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है. इस निर्णय से यहां के आम जनता के साथ साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं कार्यकर्ता काफी हर्षित हैं और सरकार के द्वारा किए गए इस निर्णय को जनहित में एक सराहनीय कदम बता रहे हैं. इस बाबत झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव शिवकुमार बास्की ने कहा कि झारखंड में सत्तासीन हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा जो दुमका में हाईकोर्ट की बेंच की स्थापना को लेकर जो निर्णय लिया गया है वह सराहनीय है. सरकार ने यह महत्वपूर्ण कार्य किया है. यहां की गरीब लोगों को इससे काफी फायदा होगा. यहां के हर व्यक्ति के लिए राजधानी रांची में जाकर केस फाइल करना संभव नहीं हो पाता था. सरकार ने यहां की गरीब जनता के दुख दर्द को देखते हुए जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. जिला सचिव श्री बास्की ने कहा कि दुमका में हाई कोर्ट बेंच के लिए पूर्व में भी कई सरकार ने महज घोषणा ही की थी लेकिन जनप्रिय सरकार हेमंत सरकार के द्वारा इसको धरातल पर उतारा गया. इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने अपनी काफी गंभीरता दिखाई. झारखंड मुक्ति मोर्चा इनका स्वागत करती है ।

हाईकोर्ट का बेंच बनना मिल का पत्थर साबित होगा - गोपेश्वर प्रसाद झा

● मुख्यमंत्री के फैसले का बार एसोसिएशन ने किया स्वागत

दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। दुमका में झारखण्ड उच्च न्यायालय की खंडपीठ बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुहर लगने के बाद

अधिवक्ताओं में हर्ष है। जिला बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत किया है। जिला अधिवक्ता संघ के तदर्थ अध्यक्ष सह झारखंड बार कौंसिल के सदस्य गोपेश्वर प्रसाद झा ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दुमका में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना को लेकर उठाया गया कदम स्वागतयोग्य है। श्री झा ने मुख्यमंत्री के फैसले की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। उन्होने कहा कि दुमका में हाईकोर्ट बैंच के लिये पूर्व में भी सरकार ने कई कदम उठाये थे लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सरकार द्वारा उठाया गया कदम इस दिशा मे सकारात्मक एवं सही कदम है। कहा कि जहाँ तक बैंच के लिए जमीन की बात है तो दुमका मे हाईकोर्ट बैंच के लिये जमीन का अधिग्रहण पूर्व मे ही किया जा चुका है और वन विभाग को उसकी क्षतिपूर्ति भी मिल चुकी है। कहा कि संथाल परगना क्षेत्र की गरीब जनता को न्याय मिलने में परेशानी न हो इसके लिए हमलोगों ने पूर्व में कई बार धरना-प्रदर्शन भी किया था। पूर्व में मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को भी ज्ञापन सौंपा गया था। इसके लिए बाकायदे एक संघर्ष समिति का गठन किया गया था । वर्तमान सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है, साथ ही अधिवक्ताओं एवं क्षेत्र की जनता मे इसको लेकर खुशी है।

सब-जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल के लिए दुमका के नमन का चयन

● राष्ट्रीय खेल में दुमका के खिलाड़ी का चयन

दुमका । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। सब जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता जो 23 फरवरी से 1 मार्च 2021 को वेल्लोर चेन्नई में आयोजित है. इसमें भाग लेने हेतु दुमका जिला से खिलाड़ी नमन हेंब्रम का चयन झारखंड वॉलीबॉल टीम में किया गया है. इस खुशी के मौके पर जिला वॉलीबॉल संघ के तमाम पदाधिकारियों जिला

खेलकूद संघ के सभी पदाधिकारी तथा वॉलीबॉल के तमाम खिलाड़ियों ने अपनी शुभकामनाएं व बधाई दी है।बता दें कि 21 फरवरी को सुबह 11 बजे राम टहल चौधरी वॉलीबॉल पवेलियन, रांची में उत्तम राज एवं अजय किस्पोट्टा को रिपोर्ट कर अपराहन 2 बजे धनबाद एलेप्पी से वेल्लोर तमिलनाडु के लिए प्रस्थान करेगी। इसकी जानकारी जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव मुकेश कुमार ने दी।

शिकारीपाड़ा महाविद्यालय के समीप पशु लदे ट्रक से हाइवा की टक्कर

● गोवंश के शरीर में चोट के निशान भी हैं

शिकारीपाड़ा । (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। दुमका- रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कॉलेज के समीप से अवैध रूप से गोवंश पशु को ले जा रहे ट्रक और हाईवा के बीच टक्कर हो गई। इस घटनाक्रम मे ट्रक चालक पशु से लदे ट्रक को छोड़कर फरार हो गया । ग्रामीणों द्वा-रा जब यह सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंचकर पुलिस ने 4 सांड और 5 दुधारू गाय सहित ट्र्क बीआर-10-जीबी 5843 को जप्त कर थाना ले आई। दुर्घटना में गोवंश पशुओं के शरीर में कुछ चोटे भी आई है। शिकारीपाड़ा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि चालक, उसका सहयोगी और पशु व्यवसाई फरार हो गया है। इन पशुओं को ग्रामीणों को आधार कार्ड से चिन्हित करते हुए वितरित कर दिया जाएगा ।

बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा बासुकीनाथ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका।
बसंत पंचमी को लेकर मंगलवार को बाबा बासुकीनाथ मन्दिर में जलार्पण को लेकर देश के विभिन्न भागों से आये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पाँच बजे प्रातः बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों का पट मन्दिर प्रबंधन द्वारा खोला गया। सरकारी पूजा सम्पन्न होने के बाद कतार में जलार्पण के लिये खड़े अपने बारी का इंतज़ार कर रहे श्रद्धालुओं ने जलार्पण प्रारंभ किया। सात बजे सुबह के बाद भीड़ बढ़ने के बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा किये गये इंतजाम के कारण श्रद्धालुओं को जलार्पण करने में कोई परेशानी नही हुई। सभी श्रद्धालुओं ने कतार में दिनभर लगकर सुलभ तरीके से जलार्पण किया। स्थानीय प्रशासन द्वारा नन्दी चौक थाना मोड़ से लेकर मन्दिर पहुँचने वाले सभी मार्गों पर बैरियर लगाने से दिनभर वाहनों का आवागमन बन्द रहा। जिससे जाम की स्थिति से आमजनों को छुटकारा मिला। कभी भी सड×क जाम नही हुआ। बसन्त पंचमी का दिन माँ शारदा की पूजा अर्चना एवं बाबा बासुकीनाथ जी के तिलकोत्सव का दिन रहने के कारण दिन भर पूजा अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये सभी जगहों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था प्रातः काल से लेकर संध्या चार बजे तक लगभग तीस हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ मन्दिर में जलार्पण किया। मिथिलांचल के श्रद्धालुओं की मंगलवार को भी भारी भीड़ रही। मन्दिर परिसर में मिथिलांचल से आये श्रद्धालुओं ने अलग-अलग टोलियों में भजन-कीर्तन किया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया ।

धूमधाम से हुआ तिलकोत्सव, अब विवाहोत्सव की तैयारी

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका।
बासुकीनाथ में माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मंगलवार की देर शाम भोलेनाथ का तिलकोत्सव पारंपरिक तरीके से किया गया। बतौर यजमान बासुकीनाथ मंदिर प्रभारी राहुल जी आनंद जी पत्नी डिम्पल के साथ सपत्नीक भाग लिए। मंदिर के सरकारी पुजारी सदाशिव पंडा की अगुवाई में पुरोहित प्रेमशंकर झा के द्वारा बाबा का तिलकोत्सव कार्यक्रम किया गया। इसमें मंदिर प्रबंधन के द्वारा वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार बाबा को सोने की अंगूठी, चांदी का बाजूबंद, पीतांबरी वस्त्र, अंगोछा, कांसा एवं पीतल के बर्तन, पांच प्रकार के फल, मिष्ठान, नैवैद्य समेत अन्य सामग्रियां चढ़ाई गई। वहीं माता पार्वती की भी भव्यतापूर्वक पूजा की गई। इस मौके पर पुजारी सदाशिव पंडा, सहायक पुजारी गणेश झा उर्फ बोंगा बाबा, सहायक प्रबंधक सुभाष राव, पंडा धर्मरक्षिणी सभा अध्यक्ष मनोज पंडा, मंदिरकर्मी मदन झा, ब्रजेश झा, रविन्द्र मोदी, मंदिर के विधिकर सखी कुंवर, फुलधरिया केशव राव, नरेश राव, टेस्का राव, मुन्ना राव, पिकु राव, कुंदन राव, मंदिर गार्ड कपिलदेव पंडा, गौतम राव, गुडडू ठाकुर, उदय मंडल, सत्यवान पंडा सहित मंदिर के अन्य कर्मी मौजूद थे। बासुकीनाथ मंदिर के पुजारी सदाशिव पंडा एवं पुरोहित प्रेमशंकर झा कहते हैं कि बाबा बासुकीनाथ का तिलकोत्सव करने की परंपरा सैकड़ों वर्षो से अनवरत चली आ रही है। पूर्व में जब मंदिर का संचालन हंडवा स्टेट द्वारा होता था उस समय से ही इस परंपरा का अनवरत निर्वहन हो रहा है।बसंत पंचमी की देर शाम श्रृंगार पूजा के समय भोलेनाथ के होने वाले तिलकोत्सव से लेकर शिवरात्रि की पूर्व संध्या तक माता पार्वती को सिदूर नहीं चढ़ाया जाएगा। सदाशिव पंडा ने कहा कि तिलकोत्सव के बाद से शिवरात्रि के एक दिन पूर्व तक माता पार्वती को श्रृंगार पूजन में सिदूर नही पहनाया जाएगा। शिवरात्रि के दिन शिव के प्रतिकात्मक त्रिशूल के द्वारा माता की मांग में सिदूर भरा जाएगा।

राँची रिम्स से दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी दुमका से गिरफ्तार

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

दुमका ।
राँची रिम्स के आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान फरार दोह-रे हत्याकांड का आरोपी सिद्धेश्वर मड़ैया को दुमका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिद्धेश्वर मड़ैया को पुलिस ने काठीकुंड थाना अंतर्गत रानी पहाड़ी- फुलझिंझरी मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया गया। काठीकुंड के जमुनी निवासी सिद्धेश्वर मड़ैया ने बीते 10 मई 2020 की रात डायन बिसाही के शक में एक वृद्ध दंपती 60 वर्षीय छत्तीस मड़ैया और 56 वर्षीय उसकी पत्नी चुनकी मड़ैया की गला रेतकर हत्या कर दी थी। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अम्बर लक-ड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते 11 मई 2020 को सिद्धेश्वर मड़ैया के खिलाफ काठीकुंड थाना में डायन प्रतिषेध अधिनियम एवं हत्या का मामला दर्ज किया गया था। सिद्धेश्वर को गिरफ्तार करने के बाद 3 जुलाई 2020 को उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। दुमका सेंट्रल जेल में तबियत बिगड़ने के बाद बीते 9 जनवरी 2021 को हत्यारोपी सिद्धेश्वर को इलाज के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कहा कि अस्पताल द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा सिद्धेश्वर के बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजने की अनुशंसा की गयी। बीते 3 फरवरी को सिद्धेश्वर को रांची के रिम्स हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में इलाज के भर्ती कराया गया लेकिन 5 फरवरी की रात में सिद्धेश्वर ने बेड में लगे हथकड़ी की रस्सी को किसी धारधार सामान से काटकर पुलिसकर्मियों को चकमा देते हुए फरार हो गया। मामले में 6 फरवरी को राँची के बरियातू थाना में कांड संख्या 46/21 के अंतर्गत आईपीसी की धारा 224 के तहत सिद्धेश्वर के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। एसपी ने कहा कि सिद्धेश्वर के फरार होने की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी जिसमे पुलिस निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी मो साकिब तनवीर खां शामिल थे। टीम को सिद्धेश्वर के काठीकुंड में छुपे होने की सूचना मिली। सोमवार को टीम ने छापेमारी कर सिद्धेश्वर को धर दबोचा। कहा कि दोहरे हत्याकांड का आरोपी सिद्धेश्वर का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसका फरार हो जाना गांववालों के लिए खतरा था। मौके पर एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी, थाना प्रभारी साकिब तनवीर, निरीक्षक रवींद्र कुमार, देवव्रत पोद्दार व नवल किशोर सिंह मौजूद थे।

जिला मुख्यालय सहित प्रखंड में धूमधाम से मां सरस्वती की पूजा की हुई

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

अमड़ापाड़ा/ हिरणपुर/ महेशपुर/लिट्टीपाड़ा/ पाकुड़िया (पाकुड़)।

जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ पूजा समितियों एवं सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में धूमधाम से मनाई गई। अमड़ापाड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित माँ दुर्गा मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक सरस्वती पूजा समिति के द्वारा पूजा पंडाल बना कर धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं दूसरी ओर प्रीपेड री सेंटर पब्लिक स्कूल, ड्रीम मेमोरियल पब्लिक स्कूल एवं लखी पूजा समिति एवं पचुवाड़ा, पाडेरकोला, सिंगारसी सहित अन्य गांव में भी पूजा समिति के द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा को स्थापित कर पुरोहितों के द्वारा पूजा अर्चना की गई। सार्वजनिक सरस्वती पूजा समिति के द्वारा हर साल भव्य पंडाल बना कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। इस साल भी पूजा समिति के द्वारा भव्य पंडाल बना कर पूजा अर्चना की गई मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक बच्चे एवं समिति के सदस्य मौजूद थे। वही हिरणपुर प्रखंड में भी देवी सरस्वती पूजा में विधालय बंद रहने के वावजूद अधिकांश विधालय में प्रतिमा स्थापित कर पुजा की गई, वहीं विभिन्न क्लबों द्वारा धुम-धाम से पंडाल निर्माण कर विधा कि देवी की पूजा- अर्चना की गई। दुसरी ओर बंगाली समाज में सरस्वती पूजा सहित आज सिझानो पर्व को लेकर काफी चहल-पहल थी। पर्व को लेकर हिरणपुर बाजार में आज 70-80 क्विंटल मछली की बिक्री हुई। ज्ञात हो की इस दिन बंगाली समाज विभिन्न व्यंजनों सहित

मछली बनाते हैं और मां षोष्टी की पुजा अर्चना कर दुसरे दिन बासी खाना खाते हैं। पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों एवं सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की पूजा धूमधाम से सम्पन्न हुई। हालांकि सभी जगह इस दौरान कोविड गाइडलाइंस का भी अनुपालन करवाया गया। पाकुड़िया बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, उषादेवी सरस्वती शिशु मंदिर, हरिश्चंद्र मध्य विद्यालय, उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, नेताजी संघ, नवयुवक संघ के अलावा विभिन्न पूजा पंडालों में माँ शारदे की भव्य प्रतिमा स्थापित कर वैदिक रीति रिवाज से पूजा-आराधना की गई। पूजा को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच उत्साह चरम पर देखा गया। वहीं उषादेवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में पूजा सम्पन्न होने के बाद बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इधर प्रखंड के बनोग्राम, पारुलिया, चौकिसाल, गनपुरा, तालवा, फुलझींझरी, आलूदाहा, पालियादाहा, बासेतकुंडी, सागबेड़िया, दुर्गापुर आदि अन्य गांवों में भी सरस्वती पूजा पूरी नेम निष्ठा के साथ मनाया गया ।

विद्या की अधिष्ठात्री देवी की पूजा की धूम

- **गांव से लेकर शहर तक जगह जगह स्थापित की गई है मां सरस्वती की प्रतिमा**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गोड्डा।

विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा की धूम मची हुई है। शहर से लेकर गांव तक जगह जगह मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा को लेकर छात्रों एवं युवा वर्ग में खासा उत्साह है।

छात्र एवं युवा मां सरस्वती की आराधना में तल्लीन हैं। जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंड मुख्यालय एवं गांवों के सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। शहर में एक सौ से भी अधिक प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा पंडालों पर भक्ति गीतों की गूंज सुनाई पड़ रही है। पथरगामा प्रखंड के प्रसिद्ध बंदनवार गांव में हर साल की तरह इस साल भी वसंत पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया है। इस साल पूजा का 98 वां वर्ष है। गांव में सरस्वती पूजा समारोह की शुरूआत सन 1923 में गांव के ही स्व श्रुतिकांत बाजपेयी, स्व कामेश्वर दुबे, स्व लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, स्व कृष्ण चन्द्र मिश्र एवं स्व लीलाचरण पाण्डेय के द्वारा की

गई थी। शुरु से ही माता सरस्वती की कृपा गांव पर रही है।

बारकोप स्टेट के जमाने में भी बन्दनवार को माता सरस्वती का स्थान माना जाता था। यही कारण है ग्रामीण बड़े ही श्रद्धा भाव से पूजा का आयोजन करते रहे हैं। इस वर्ष भी पूजा समारोह का आयोजन काफी धूमधाम के साथ किया गया है। गांव के नवयुवकों द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ समारोह का आयोजन किया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस समारोह में प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार को किया जायगा। विसर्जन के दिन माता सरस्वती की प्रतिमा को पूरे गांव में हर द्वार तक ले जाया जाता है। महिलाएं माता सरस्वती को नम आंखों से खोंइछा देकर विदा करती हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसै मां अपनी बेटी को विदा कर रही हों। इसके पीछे भाव यह है कि बेटी मायके से विदा हो रही है। उसके खुशियों का आंगन जिंदगी भर खिलता रहे।

संक्षिप्त समाचार

बच्ची को धक्का मारकर भागने के दोरान कोलतार टैंकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क पर मंगलवार को रांगा पुल के समीप एक बच्ची को ठोकर मारकर भागने के दरम्यान कोलतार टैंकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांगा गांव में कोलतार टैंकर वाहन एनएल 01एबी 2978 के द्वारा एक 10 वर्षीय बच्ची रुबिया खातून को ठोकर मार कर चालक वाहन को तेज रफ्तार में भाग रहा था, उसी दरमियान रांगा पुल के समीप वाहन को संतुलन नहीं कर पाने के कारण रोड से नीचे खेत में जाकर पलट गया। जिससे कोई प्रकार की जान-माल की नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना की खबर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिया गया। घटना की खबर सुनते ही एएसआई प्रमोद सिंह सहित पुलिस बल घटनास्थल पहुंचकर घायल चालक व बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार्यशाला में ग्राम सभा को मजबूत बनाने के मुद्दे पर हुई चर्चा

गोड्डा। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। मंगलवार को बदलाव फाउंडेशन की ओर से जिला मुख्यालय के एक होटल में स्सामुदायिक वन अधिकार योजना, जन वकालतर पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई,जिसमें 23 महिला और 37 पुरुष कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यशाला का आरंभ बेंजामिन हांसदा द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत एवं कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के साथ हुआ।

सर्वप्रथम मंच पर कुसुमघाटी गांव के ग्राम प्रधान मैसा पहाड़िया को आमंत्रित किया गया और ग्राम सभा को कैसे मजबूत बनाया जाए इस मुद्दे पर चर्चा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों के बीच ग्राम सभा के महत्व को रखा। इसके बाद डूमरतरी के गांव ग्राम प्रधान मरांगमय बेसरा ने ग्राम सभा के महत्व एवं सामुदायिक वन अधिकार का भी महत्व समझाया।

बदलाव फाउंडेशन के सामाजिक कार्यकर्ता सलोमी हांसदा द्वारा बताया गया कि अभी तक सुंदरपहाड़ी में 43 सामुदायिक पट्टा एवं 272 व्यक्तिगत पट्टा निर्गत करने के लिए जमा करवाया गया है। परंतु अभी तक 13 सामुदायिक वन पट्टा स्वीकृत जिला वन अधिकार समिति से स्वीकृत हुआ है जो बहुत दयनीय स्थिति है । जिला स्तरीय समिति से जिला सामुदायिक वन अधिकार योजनाओं और जन वकालत पर चर्चा कर अंचलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और उपायुक्त को आवेदन देने का निर्णय लिया गया। कार्यशाला में साथी संस्था से नरेंद्र झा ने वन अधिकार और ग्राम सभा के महत्व पर विस्तार से बताया। वन अधिकार कानून 2006 की जानकारी दी। सामुदायिक वन अधिकार एवं व्यक्तिगत वन अधिकार पर चर्चा की और महत्व बताया। इसके बाद प्रदान संस्था से प्रसन्ना झा द्वारा वन अधिकार कानून एवं ग्राम सभा के महत्व को काफी विस्तार से बताया। वन कानून को लेकर और ग्राम सभा को कैसे मजबूत बनाया जाए, इस पर काफी चर्चा किया। कार्यशाला में सुंदरपहाड़ी प्रखंड के डुमरतरी, छोटा सबैकुंडी, बड़ा सिन्दरी, कुसुमघाटी, सलपतडा इत्यादि गांव के लोगों ने भाग लिया। बदलाव फाउंडेशन के परियोजना समन्वयक कृष्णा ने संस्था द्वारा किए जा वन अधिकार अधिनियम 2006 के विषय पर और ग्राम सभा के महत्व पर काफी विस्तार से अपनी बातों को रखा। ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा को मजबूत करने हेतु बहुत सारे सुझाव दिया। कार्यशाला को सफल बनाने में राजेश यादव, कृष्णा जी, सालोमी , सामुएल , शीतल , बेंजामिन, मशीराज संतोष ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा ।

खाद्यपदार्थ के दुकानदारों के लिए फॉस्टैग ट्रेनिंग आज

गोड्डा। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ के दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत फॉसटैग ट्रेनिग लेना अनिवार्य है। इसी कड़ी में झारखण्ड सरकार एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में 17 फरवरी को स्थानीय डीआरडीए सभागार में 11 बजे पूर्वाह्न से 01 बजे अपराह्न तक आरआईआर सर्टिफिकेशन के तहत दिल्ली से आई प्रशिक्षकों की टीम द्वारा दुकानदारों को खाद्य-सुरक्षा के मानकों का पालन सम्बन्धी आवशयक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को उनके खाद्य-सुरक्षा अधिकार के लिए जागरूक करने के लिए सभी वार्ड में बारी-बारी से अभियान चलाया जाएगा। इस पूरे अभियान में रेडक्रॉस सोसायटी एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सेंट्रल एफएसएसएआई से निर्बंधित उक्त आरआईआर सर्टिफिकेशन के तकनीकी पदाधिकारी मो जुनैद ने बताया कि प्रशिक्षण से पूर्व सभी दुकानदारों का प्रशिक्षण स्थल पर ही अनिवार्य निबंधन होगा जिसके देय शुल्क 710 रुपये निर्धारित है।

जवाहर नवोदय विद्यालय, ललमटिया में 122 का लिया गया स्वाब

महागामा । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। जवाहर नवोदय विद्यालय, धनकुंडा ललमटिया के प्रांगण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सह रेफरल अस्पताल महागामा की टीम के द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाकर कोविड-19 की जांच की जा रही है। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिका छात्र-छात्राएं सहित अन्य की जांच के लिए स्वाब लिया जा रहा है । सोमवार को आरटी-पीसीआर से 122 का स्वाब लिया गया। मौके पर रेफरल अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निर्मला बेसरा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर जवाहर नवोदय विद्यालय में शिविर लगाकर कोविड-19 की जांच की जा रही है। टीम की निगरानी बृजनयन कुंवर द्वारा की गयी। टीम में लैब टेक्नीशियन अब्दुल मन्नान, अनिता मुर्मू , नोशहर आलम , पूनम कुमारी, सरिता कुमारी, केशव कुमार, मिथुन कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में जिले के 4 खिलाड़ी ने जीता कांस्य पदक

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पाकुड़।

14 फरवरी को झारखंड वूशु संघ रांची द्वारा आर के आनंद लान बाल स्टेडियम नामकुम रांची में16वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय वूशु चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के खिलाड़ी बालिका वर्ग श्रेया प्रमाणिक 45 किलो वजन वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक, पायल ठाकुर 33 किलो वजन वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक, रश्मि सील हिरणपुर 34 किलो वजन वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। वही बालक वर्ग में रणवीर ठाकुर 20 किलो वजन वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल कर चारों ही

खिलाड़ियों ने राज्य में जिले का नाम रोशन किया। पदक हासिल करने पर पाकुड़ जिला वुशु संघ के अध्यक्षा मृणालिनी घोष एवं पाकुड़ जिला वुशू संघ के कोषाध्यक्ष सह पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के सचिव रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। तथा जिला वूशु संघ के प्रशिक्षक नारायण चंद्र राय को भी बधाई दी। उक्त दोनों खिलाड़ियों को पदक हासिल करने पर पाकुड़ जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, पाकुड़ जिला वुशु संघ उपाध्यक्ष मुरारी लाल चौरसिया, सचिव कृष्ण कुमार पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सह पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ कार्यकारी अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दू शेखर गांगुली, पाकुड़ जिला वुशु संघ संयुक्त सचिव सेलजीत सनत, भोला कुमार दास, पंकज अग्रवाल ने बधाई एवं शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना की।

सिजानो पर्व को लेकर मछली बिक्री में तेजी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

हिरणपुर(पाकुड़)।

बसन्त पंचमी में जहाँ मंगलवार को सरस्वती पूजा की धूम मची हुई है। वही बंगाली समुदाय के लोगों में सिजानो पर्व को लेकर काफी तैयारी की जा रही है। इस पर्व को लेकर हिरणपुर बाजार सहित, तोड़ाई, डांगापाड़ा, गोपालपुर, देवपुर आदि जगहों में काफी मात्रा में मछलियों की बिक्री हुई। बंगाली समुदाय के लोग परम्परागत रूप से सिजानो पर्व मनाते आ रहे है। सरस्वती पूजा के दिन ढलने के बाद शाम को गृहणी नहाधोकर नए वस्त्र धारण कर कई प्रकार के सब्जियों के साथ भोजन बनाती है। इसके बाद शील पाटी को धोकर विधिवत पूजा की जाती है। बनाये गए भोजन को भगवान को चढ़ाया जाता है। जिसका सेवन एक दिन बाद करते है। सरस्वती पूजा के दूसरे दिन आज बुधवार की सुबह स्नान कर खाते है। इस पर्व को लेकर बाजार, चौक- चौराहे पर करीब 70 से 80 क्विंटल मछली की बिक्री हुई। बंगाली समुदाय के लोगों ने मछली जमकर खरीदारी की है।

तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का डीएसपी ने किया शुभारम्भ

- **नेपाल, बंगाल सहित 16 टीम शामिल**
- **प्रारम्भिक मैच में आलूबेड़ा ने दुमका को एक गोल से हराया**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

हिरणपुर(पाकुड़)।

आदिवासी एभेन गाँवता क्लब के द्वारा गोपालपुर मैदान में मंगलवार को तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित हुई। जिसका शुभारम्भ डीएसपी बैद्यनाथ प्रसाद ने किया। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी भी उपस्थित थे। डीएसपी ने खिलाड़ियो का परिचय प्राप्त किया। 16 टीम की इस टूर्नामेंट में नेपाल सहित मालदा, कोलकाता, मुर्शिदाबाद, सिल्लीगुड़ी,

इलाहाबाद, साहेबगंज, वीरभूम, आसनसोल, पाकुड़ के कई टीम ने भाग लिया है। प्रारम्भिक मैच एफसी मुर्मू दा टीम आलूबेड़ा व हेम्ब्रम स्टार क्लब पालमपुर दुमका के बीच जमकर मुकाबला हुआ। इसमें दुमका टीम की ओर से तीन नाइजेरिया के खिलाड़ियो ने भी भाग लिया था। इस खेल में आलूबेड़ा टीम एक गोल से विजयी हुए। खेल प्रारम्भ होने के पूर्व विधिवत रूप से राष्ट्रगान गाया गया। उपस्थित खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुए डीएसपी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में नेपाल सहित काफी अच्छे-अच्छे टीम भाग ले रहा है। खेल को समर्पण व निष्ठा के साथ खेला जाना आवशयक है। हार-जीत तो खेल में लगा रहता है। पर हार से निराश न होकर पुनः प्रयास करना है। आयोजक कमिटी के सदस्यों ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में विजेता को 1.50 लाख व उप विजेता को 1 लाख की राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजक रामजी हांसदा, पगान मुर्मू , बाबूराम मुर्मू, जंतु सोरेन आदि उपस्थित थे।

सरिया पहुँची सांसद अन्नपूर्णा देवी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया

● **सरिया में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण और लोकल ट्रेनों का परिचालन शीघ्र - अन्नपूर्णा**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

सरिया/गिरिडीह ।
कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो मंगलवार को सरिया पहुँचे। जहाँ सरिया थाना के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया । इस दौरान इन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली रीढ है,इसलिए क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को जनता के बीच ले जायें ,ताकि जनता से हमारा सीधा जुडाव हो सके और योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिले । इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कही कि कोरोना काल के कारण पिछले 10 माह से अधिक समय से ट्रेनों का परिचालन बाधित था । पर अब हमने सत्र में सवाल उठायी है और माननीय रेलमंत्री से भी मुलाकात कर धनबाद गया रेलखंड में लोकल-पैसेंजर ट्रेनों के पुनः परिचालन की माँग रखी है । साथ ही पुरी न ई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव भी पूर्व की भाँति हजारीबाग रोड स्टेशन पर दिये जाने की माँग की हूँ । संभवतः शीघ्र ही लोकल ट्रेनों का परिचालन शुरु होने की उम्मीद है । वही सरिया रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण भी शीघ्र होगा इसकी भी प्रक्रिया चल रही है । इस दौरान अनुमंडल प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, मंडल अध्यक्ष अजय यादव, फागु पण्डित, मुखिया शोभा देवी, आशीष बोर्डर, छोटू उर्फ हेमलाल मंडल, मनोज बर्मा, हरिहर मंडल, बबलू मंडल, बिनोद यादव, पिन्टू मोदी, अंजू देवी, केदार सिंह, भेखलाल मंडल, युधिष्ठिर मंडल, सतीश मंडल , अरबिन्द कुमार, चिन्तामणि मंडल, बिनोद ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

संक्षिप्त समाचार

जर्जर सड़कों की मरम्मती के लिए बाबूलाल मरांडी ने की अनुशंसा

● **पूर्व मुख्यमंत्री ने धनवार विधानसभा के जर्जर सड़कों की मरम्मती के लिए ग्रामीण विकास विभाग को लिखा पत्र**

खोरीमहुआ। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने विधानसभा क्षेत्र धनवार के जर्जर सड़कों की मरम्मती व सुदृढ़ीकरण के लिए ग्रामीण विकास विभाग को अनुशंसा की है। पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जर्जर व दयनीय सड़कों की हालत का उल्लेख करते हुए आवागमन में आमजनों को हो रही असुविधा से ग्रामीण विकास विभाग को अवगत कराया है। धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धनवार, गावां व तिसरी प्रखण्डों के कई खस्ताहाल सड़कों की मरम्मती को लेकर उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को अनुशंसा की है। पत्र में धनवार प्रखण्ड के अंतर्गत लगभग 14 किलोमीटर लंबी कोडरमा-खोरीमहुआ पथ से भिंगोडीह, 6 किलोमीटर लंबी पचरुखी से डोरण्डा वाया मोदीडीह, साढ़े तीन किलोमीटर डोरण्डा करमाटाँड़ पथ से बादीडीह तेलोडीह, आठ किलोमीटर पीडब्ल्यूडी रोड पचरुखी वाया तेलोडीह बादीडीह रोड तक सुदृढ़ीकरण, 16 किलोमीटर लंबी तारानाखो से चुकरीबाद वाया बभनी तक सड़क की सुदृढ़ीकरण तथा मनसाडीह पीडब्ल्यूडी रोड से झारखण्ड धाम 12 किलोमीटर सड़क की मरम्मती के लिए अनुशंसा की है। गावां प्रखण्ड में 21किलोमीटर लंबी गावां से अमतरो वाया कन्हाई पथ तथा 11 किलोमीटर लंबी जमडार आरईओ रोड से कन्हाई मोड़ पीडब्ल्यूडी सड़क तक की सुदृढ़ीकरण के लिए अनुशंसा की गयी है। साथ ही तिसरी प्रखण्ड में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी गुमगी से ककनी पथ तथा साढ़े सत्रह किलोमीटर लंबी तिसरो पुलिस पिकेट से नारोटाँड़ वाया नीमाजलगोड़ा मुखबली पथ के मरम्मतीकरण के लिए ग्रामीण विकास को अनुशंसा की है।

धूम धाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

जमुआ। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। प्रखंड के पूर्वी छोर के सभी पंचायत के गांव और विधालय में धूम धाम से सरस्वती पूजा मनाया गया और इस वर्ष प्रसासन के नियमो का भी खाश ध्यान रखा गया। सियाटांड़ पंचायत अंतर्गत गोल्हैया गांव में दा स्टूडेंट यूनियन ऑफ गोल्हैया की ओर से हर साल की भांति इस वर्ष भी पूजा किया गया ! साथ ही कमेटी के लोगों ने कहा इस बार पूजा के शुभ अवसर पर गुरुवार को भंडारा का भी आयोजन किया गया है ! सरस्वती पूजनोत्सव हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में आरंभ हुआ। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मां शारदे की पूजा-अर्चना की गई। विभिन्न सरकारी व निजी शैक्षणिक स्थानों, विभिन्न मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर मंगलवार को पूजा-अर्चना की गई। इधर सभी जगह पर पुलिस प्रशासन के निर्देशों पर ही पूजा अर्चना की गई । इधर प्रखंड के सभी पंचायतो में रही धूम । प्रांचीडीह, कुरहो बिन्दो , नवडीहा सहित सभी स्कूलों में धूम धाम से पूजा अर्चना की गई।

प्रेम प्रसंग मामले में 22 वर्षीय युवक ने फाँसी लगा कर की आत्महत्या

● **पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी**

खोरीमहुआ । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। हिरोडीह थाना क्षेत्र के कोदम्बरी ग्राम में एक 22 वर्षीय युवक ने प्रेम प्रषंग मामले को लेकर मंगलवार देर शाम को अपने ही घर में फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार कोदम्बरी सिहोडीह निवासी सुरेश प्रसाद वर्मा का एकलौता पुत्र पंकज कुमार वर्मा ने फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। जिसकी जानकारी देते हुए मृतक की माँ रूपनी देवी ने बताया कि किसी लड़की के प्रेम प्रषंग को लेकर पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। हम लोगों ने परेशानी का वजह जानने का प्रयास भी किया पर कुछ भी बताने से इंकार करता रहा पर अचानक मंगलवार को अपने साथियों के साथ घूम कर घर आया और अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। इसकी सूचना हमें घर के एक बच्चे ने खेत जा कर दिया। हम हड़बड़ाहट में घर आये और दरवाजा खोलने को कहने लगे पर अंदर से कोई आवाज नही आया तो छत के माध्यम से घर में घुस कर खोला तो फाँसी पर लटका मिला। लड़का की माँ ने यह भी बताया कि लड़का का विवाह नवडीहा थाना क्षेत्र के कुमदाटांड ग्राम में लड़का के रजामंदी से तय हुआ था और अप्रैल में शादी होना था। पर किसी लड़की के वजह से ही मेरा बेटा ने आत्महत्या किया है। लड़की के द्वारा दिये गए कई पत्र भी बरामद किए जाने की बात कही गयी है जो पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। वही हिरोडीह थाना प्रभारी ने राधेशश्याम पांडेय ने कहा कि युवक की मौत फाँसी लगाने से हुवी है। पर क्यों फाँसी लगया इसकी जाँच की जा रही है। फिलहाल मृतक का शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्ट के लिए गिरीडीह भेजा जा रहा है।

विद्या की देवी मां सरस्वती का छात्र-छात्रा ने किया आहवान

● **छात्र- छात्रा ने सरस्वती मां के हाथ में कलम थमाकर रखी शिक्षा की नींव**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पेटरवार।
बोकारो जिले के पेटरवार प्र-खंड में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पेटरवार- तेनुघाट मुख्य मार्ग पर स्तिथ ओबरा, ओरदाना, चिन्यागढ़ा एवं गैर सरकारी संस्थानों में सरस्वती पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और बाजे गाजे के साथ किया गया। चिन्यागढा के श्री राम युवा क्लब, ओरदाना युवा क्लब एवं ओबरा युवा क्लब के द्वारा मां सरस्वती एवं गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। सभी युवा क्लब के द्वारा भी बड़े ही आकर्षक तरीके से पूजा स्थल को सजाया गया। ओबरा में सरस्वती पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में ओबरा ग्राम में युवा क्लब के सचिव सिकन्दर महतो एवं सतीश कुमार महतो कर द्वारा संस्कृतिके कार्यक्रम का भी आयोजित किया गया। जगह-जगह भव्य पंडाल बनाकर आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान बज रहे संगीत सहित विविध कार्यक्रमों से सारा वातावरण गुंजायमान रहा। जगह-जगह उत्साहपूर्ण माहौल में युवकों की टोली ने भव्य पंडाल बनाकर आकर्षक प्रतिमा की स्थापना की। यहां वैदिक विधि- विधान से विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। इस अवसर पर विविध भक्ति गीतों के बजने से माहौल को आध्यात्मिक हो गया। मौके पर क्लब के सचिव अभिषेक गुप्ता, सचिव पीताम्बर केवट, प्रेमजीत सिंह, सतीश कुमार महतो, सि-ाकंदर कुमार महतो, माणिक केवट, शंकर केवट, राज केवट, किशुन केवट, नीलकांत कुमार, मनीष महतो, राज केवट, राज केवट,दिलबन्धु केवट, आदि मौजूद रहे।

पंकज अध्यक्ष एवं शीला उपाध्यक्ष निर्वाचित

● **बसंतराय प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कराया गया स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

बसंतराय।
प्रखंड क्षेत्र के 99 विद्यालय तथा सरकारी मदरसों में विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सोमवार को कराया गया। सभी विद्यालय तथा मदरसा में प्रबंधन समिति का शांतिपूर्वक चुनाव कराने को लेकर पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किया गया था।
प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय, बसंतराय में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अभिभावकों ने अध्यक्ष पंकज कुमार साह एवं उपाध्यक्ष शीला भारती को बनाया । मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक उमाकांत पंजियारा ने सभी को बधाई दी। कमेटी सदस्यों से विद्यालय की समस्त गतिविधियों को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की । मौके पर बॉबी चौधरी, मुजफ्फर कमाल, मोहम्मद अतहर हुसैन आदि उपस्थित थे।

डुमरी प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग सेंटर में धुमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

डुमरी/गिरिडीह ।
प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों व कोचिंग सेंटरों में मंगलवार को विद्यादायिनी माता सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई।इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों में सुयोग्य ब्राह्मणों द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चारणों से पूरा क्षेत्र सरस्वतीमय हो गया था।क्षेत्रों के इंटर व डिग्री कॉलेजों तथा क्लबों में सरस्वती पूजा धूमधाम से की गई।सभी संस्थानों में आकर्षक साज सज्जा व प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। सभी संस्थानों व क्लबों में ब्राह्मणों द्वारा किए जा रहे सरस्वती **नमस्तुभ्यं, सर्वभूदेवि नमो नमः शांतरूपे शशिधरे, सर्वयोगे नमो नमः। वेदायै वेदरूपायै, वेदान्तायै नमो नमः, वाग्यै वरदहस्तायै, वरदायै नमो नमः या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता, या वीणा वरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना, या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता, सा माम् पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा'** के मंत्रोंच्चारणों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पूजा को लेकर बच्चों व नवयुवकों में काफी उत्साह देखा गया। पूजा का प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

अपना कोचिंग सेन्टर डुमरी द्वारा धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

डुमरी/गिरिडीह ।
बेरमो मोड़ समीप संचालित अपना कोचिंग सेन्टर डुमरी में बसंत पंचमी को सांरकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सारंकृतिक कार्यक्रम में कोचिंग सेंटर के चयनित छात्र छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक राष्ट्रीय व धार्मिक मनमोहक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल ने सभी सफल छात्रों को मेडल देकर पुरस्कृत किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों के विद्यार्थियों को एक न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तपूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित यह कोचिंग क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। उन्होंने कोचिंग संचालक से एक समय अंतराल में छात्र छात्राओं की मानसिक व बौद्धिक विकास हेतु ज्ञानवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने व किताबी ज्ञान के अलावे व्यवहारिक ज्ञान देने की अपील की।इस दौरान पूर्व पंसस संजय अग्रवाल एनजीओ जनप्रकाश फाउंडेशन के सचिव वेदप्रकाश पाठक कोचिंग के निदेशक दीपक कुमार मुख्य शिक्षक जितेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।

प्रख्यात कवि और साहित्यकार थे

संताल परगना के सबसे युवा स्वतंत्रता सेनानी रामावतार चौधरी

डॉ दिनेश नारायण वर्मा
इतिहासकार

पुरानी साहिबगंज (साहिबगंज,झारखंड) के रामावतार चौधरी (रामावतार जायसवाल/ रामावतार इन्दु) संताल परगना के सबसे युवा स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि एक कवि और साहित्यकार के रूप में भी प्रख्यात थे।पर स्वतंत्रता सेनानी रामावतार के जीवन और उपलब्धियों के इस बेजोड़ उज्जवल पक्ष की जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं है। इस सम्बन्ध में विशेष उल्लेखनीय यह है कि देशभक्ति उन्हें विरासत में मिली थी क्योंकि उनके पिता अयोध्या प्रसाद चौधरी भी बड़े सक्रिय और निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी थे और साहिबगंज में राष्ट्रवादियों की गुप्त गोष्ठियों के आयोजन में उनकी बेहतर भूमिका थी। देशभक्ति के अलावा रामावतार का शिक्षा और साहित्य से विशेष लगाव था।इसके फलस्वरूप वे लेखन और प्रकाशन में रम गये। इस प्रकार राष्ट्रभक्ति की पृष्ठभूमि में साहित्यकार का जन्म हुआ। इसलिए उनकी कविताएं बड़ी प्रभावशाली और ह्मदय को छू लेने वाली हैं। इनमें निहित संदेश आज भी बड़े प्रासंगिक हैं। वे कई विशेष अवसरों के अलावा विभिन्न कवि सम्मेलनों में शामिल हुए और अपनी कविताओं को प्रस्तुत किया। इस प्रकार स्वतंत्रता सेनानी रामावतार एक कवि के रूप में भी काफी लोकप्रिय हुए। वे अपने पिता के राष्ट्रवादी विचारों और कार्यों के अलावा उनके सक्रिय राष्ट्रवादी सहयोगियों से काफी प्रभावित हुए। वे देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत हो गये और जैसे ही महात्मा गांधी ने अंग्रेजों,भारत छोड़ो आन्दोलन 1942-1943 का शंखनाद किया,रामावतार इस आन्दोलन में कूद पड़े और देश में अंग्रेजी साम्राज्यवाद का प्रतिवाद किया। पर 20 अगस्त 1942 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । अपनी गिरफ्तारी के समय रामावतार महज चौदह वर्ष के थे जैसा कि उनकी अप्रकाशित डायरी से पता चलता है। इस प्रकार संताल परगना में स्वतंत्रता आन्दोलन के समय गिरफ्तार होने और जेल जाने वाले वे सबसे युवा स्वतंत्रता सेनानी थे। अक्टूबर 1942 को उन्हें सात साल कैद की सजा और दो सौ रुपये का जुर्माना भी किया गया।(मोतीलाल केजरीवाल,42 की क्रांति में संथाल परगना,दुमका,1949, पृ.310)। उन्हें पटना कैम्प जेल भेज दिया गया। जेल में वे वर्ष 1944 तक रहे। जेल में रहते हुए उन्होंने गुप्त साहित्यिक गोष्ठी में भाग लिया और एक छोटी कहानी लिखकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। यह कहानी ₹मेरी बहन₹ नामक शीर्षक से ₹डेली लोकमान्य₹ में कलकत्ता से प्रकाशित हुई। यह उनकी पहली रचना थी जो प्रकाशित हुई ।इस प्रकाशन से वे साहित्यिक लेखन कार्य से जुड़ने को प्रेरित हुए। इस प्रकार अपने कैदी जीवन से ही रामावतार लेखन कार्य करने लगे। पर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद वे पूर्णतया साहित्य की ओर झुके और गहन अध्ययन किया।

वर्ष 1964 में उनकी दो छोटी छोटी कहानियां--लतका मजमून और ₹बेड नम्बर पाँच',मित्र इलाहाबाद द्वारा प्रकाशित हुई। इस के बाद ₹एक दायरा और एक दीवार₹,ज्योत्सना,पटना द्वारा प्रकाशित हुआ। वर्ष 1965 में उनकी एक कविता ₹अखबार के पृष्ठ₹,हिन्द पाकेट बुक्स द्वारा प्रकाशित की गई। उनका पहला लघु उपन्यास टूटे हुए पत्ते,ज्योत्सना,पटना द्वारा प्रकाशित किया गया और पाकेट बुक के रूप में जुलाई,1977 में चमेली प्रकाशन,साहिबगंज से प्रकाशित हुआ जो काफी लोकप्रिय हुआ। वर्ष 1977 में मैं उनसे पहली बार मिला और उनके स्वतंत्रता आन्दोलन के बारे में जानकारी प्राप्त की। अगले वर्ष 1978,जब वे अपने दूसरे उपन्यास ₹शीशे का एक टुकड़ा₹ के लेखन कार्य में व्यस्त थे,से मैं हमेशा मिलता रहा और साहिबगंज,राजमहल और इसके आसपास के क्षेत्रों में स्वतंत्रता आन्दोलन और इसके सेनानियों के बारे में पूछताछ की। इसी क्रम में उन्होंने मुझे छेदी मंडल और सीताराम भगत आदि के सम्बन्ध में बताया और कहा कि कई ऐसे सेनानी हैं जो काफी सक्रिय थे पर उनका नाम और उनके कार्यों का विवरण इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं है। हालांकि उन्होंने जिला प्रशासन और जिला कांग्रेस द्वारा समय समय पर प्रकाशित स्मारिकाओं में साहिबगंज जिले में स्वतंत्रता संघर्ष और इसके जुझारू सेनानियों के सम्बन्ध में लिखा फिर भी वे ऐसे सेनानियों का एक विस्तृत विवरण तैयार करने की आवश्यकता महसूस करते थे। उनकी कविताएं विभिन्न स्मारिकाओं और पत्रिकाओं में प्रकाशित हुईं।उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी कविताओं के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये और अपनी निर्भीकता का परिचय दिया। राष्ट्र,राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति,ईमानदारी,प्रतिष्ठा.पहाड़िया,संताल आदि उनकी कविताओं के मुख्य विषय हैं। पहाड़िया आदिवासी महोत्सव 91,साहेबगंज के मौके पर ₹आयाम₹ में प्रकाशित कविता, शीर्षक-₹आजादी की किरणें₹- में जमीनी सच्चाई का वर्णन है-(कुछ पंक्तियां)

बेतौना पहाड़ पर--
उदास है,मेशा,बदरी और सूरजा।
काट-काट फसलों को,कोई ले जाता है-
नीचू का दीकू--
जबरन,बलात्
उसके खेतों को चराता है-
बोलता है.तो रस्से से बांध दिया जाता है।



झारखंड राज्य स्थापना की द्वितीय वर्ष-गाँठ 15 नवम्बर,2002 के अवसर पर साहिबगंज जिला प्रशासन के सौजन्य से प्रकाशित लोकरंग में उनकी एक बड़ी सुन्दर व बेजोड़ रचना की कुछ पंक्तियां बड़ी प्रभावशाली हैं-

इज्जत को सँवारो तो सवाँरे तुम्हें इज्जत,
दुनिया के सवालों में है सबसे बड़ी इज्जत।
इज्जत के लिए चाँद पे होती है चढ़ाई,
इज्जत के लिए मुल्क की होती है लड़ाई,
इज्जत के लिए पार्टियाँ करती है रूसवाई,जान अनेकों ने गवाये।
सुकरात जहर पीके बचाये थे आबरू,
लक्ष्मीबाई खींच ली तलबार रूबरू,
फौलाद से सीने में लगी गाँधी को गोली,
उस दिन मनायी मुल्क ने इज्जत की भी होली।। इज्जत ।।

साहिबगंज महाविद्यालय,साहिबगंज के पूर्व
प्रिंसिपल प्रख्यात साहित्यकार और विद्वान लेखक डा.शिव शंकर वर्मा नें उनके उपन्यास ₹टूटे हुए पत्ते₹ के सम्बन्ध में लिखा है,₹रचना का मुख्य उद्देशय मनोरंजन है जिसमें लेखक को अच्छी सफलता मिली है....यह शिकायत नहीं हो सकती कि लेखक ने ईमानमदारी का परिचय नहीं दिया। लेखक ने वही लिखा है जो उसने अनुभव किया और यह एक बड़ी बात है।णैं उस दिन की प्रतीक्षा में हूँजब इन्दु का कलाकार अगली रचनाओं में अपने को मांजता हुआ उपलब्धियों के शिखर पर चमकता दिखाई देगा। मैं उस इन्दु का अभिनन्दन करता हूँ।₹ इस प्रकार रामावतार संताल परगना के सबसे युवा स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे बल्कि एक कवि,कहानीकार और उपन्यासकार भी थे। आज वे हमारे बीच नहीं हैं परअपनी साहित्यिक रचनाओं के लिए भी वे हमेशा याद किये जायेंगे।

(लेखक सिदो कान्हू मुर्मू वि. वि.दुमका,झारखंड के सेवानिवृत इतिहास के शिक्षक हैं)

सेवा भाव से करें देवतुल्य श्रद्धालुओं का स्वागत

बसंत पंचमी को लेकर अहले सुबह उपायुक्त ने श्रद्धालुओं की व्यस्थाओं व सुविधाओं का लिया जायजा

देवघर।

बसंत पंचमी को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजंत्री द्वारा मंदिर प्रांगण, क्यू कॉम्प्लेक्स, नेहरू पार्क और उसके आस-पास के क्षेत्रों का अवलोकन कर विधि-व्यवस्था व देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी हाल-चाल व जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गयी।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त पुलिस के जवानों व दंडाधिकारियों की टीम को निदेशित किया गया कि रुट-लाइन बाबा मंदिर व उसके आस-पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जाय एवं कतारबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण में उनका सहयोग किया जाय।साथ हीं उपायुक्त ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष कर हो रही सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने! की आवशयकता है। ऐसे में आवशयक है कि अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर विधि-व्यवस्था और भीड़ व्यवस्थापन हेतु सेवा भाव के साथ मुस्तैदी से अपने कर्तव्य स्थल पर डटे रहें, ताकि यहाँ आगन्तुक श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण, सुरक्षा व बेहतर व्यवस्था के साथ हर संभव सुविधा मुहैया करायी जा सके। उपायुक्त ने कहा देवघर में मिथिलांचल के लोग चार-पाँच दिन पूर्व से हीं बाबा नगरी में जुटने लगते है। देवघर के प्राचीनतम पंजीकृत मेलों में एक बसंत पंचमी मेले में मिथिलांचल के काँवरिये सभी उत्तरवाहिनी सुल्तानगंज गंगाघाट से जल भर पैदल कांवर लेकर बाबा दरबार पहुँचते हैं। मिथिलांचल के कांवरियों की अपनी अलग पहचान उनके कांवर से ही हो जाती है। तिलकहरूए के नाम से जाने वाले मिथिला के कांवरिया बाँस का कांवर लेकर कमाची से बने बंद डाले में सुरक्षित गंगाजल लेकर बैद्यनाथधाम पहुँचे हैं। सामूहिक पूजा, भोजन, आवासन और अंतिम दिन बसंत पंचमी पर तिलक चढ़ाने के बाद उत्सव भी मनाते हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा बसंत पंचमीं के अवसर पर श्रद्धालुओं की होने वाली अप्रत्याशित भीड़ को लेकर पहले से हीं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी दुरूस्त कर ली गई थी। बैरिकेडिंग के अलावे दंडाधिकारी व जगह-जगह पर पुलिस के जवानों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी। इसके अलावे पुरानी परंपरा के अनुरूप बाबा मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में मुख्य पूजा तिलकोत्सव संध्या में शुरू होगी। साथ हीं बाबा के निमित्त आम्र मंजर, पंचमेवा, अबीर व फल चढ़ाये जायेंगे। इसके साथ हीं बाबा व सभी बाईसों मंदिरों में विशेष भोग मलपुआ अर्पित किया जायेगा।

मौके पर बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार यादव, प्रशिक्षु आईआएस संदीप मीणा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास चंद्र श्रीवास्तव एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे!

कृतज्ञ देवघर वालों ने याद किया शिवनगरी की सारस्वत विभूति के.एन.सहाय को

देवघर। तपेशा नंद माथुर

स्थानीय दीनबंधु उच्च विद्यालय में 'झारखंड शोध संस्थान' और 'के. एन.सहाय फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में देवघर की सारस्वत चेतना के प्रतीक पुरुष और 'देवघर कालेज' के संस्थापक प्राचार्य कृष्णनंदन सहाय की १०७ वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गयी. इस अवसर पर स्व. सहाय जी की ज्ञान-धारा से ऊर्जस्वित लोगों ने उनके अवदानों के प्रति अपना शीश नवाया और उत्साह के साथ उनकी विचारधारा के प्रमुख विंदुओं का उल्लेख किया.

समारोह के आरंभ में सहभागियों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा-सुमन समर्पित कर उन्हें नमन किया. समारोह का संचालन बड़े सधे हुए ढंग से सेवानिवृत्त प्राध्यापक और स्व. सहाय के शिष्य प्रो.रामनंदन सिंह ने किया.

'झारखंड शोध संस्थान' के सचिव उमेश कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्व. सहाय ने बड़े अदब और सलीके के साथ इस शिवनगरी की तहजीब को संवारने की कोशिश की थी. जाने-माने संगीतकार एस.डी.द्वारी ने शास्त्रीय संगीत के प्रति स्व. सहाय की अभिरुचि का जिक्र करते हुए पं.रामचतुर मल्लिक के साथ उनके रागात्मक संबंधों के कई रोचक किस्से सुनाये. साहित्यकार डा.शंकर मोहन झा ने कहा कि वे शब्दों के मर्मज्ञ थे. खुद अपना नाम के.एन.सहाय नहीं, बल्कि के.सहाय लिखते थे,क्योंकि कृष्णनंदन अलग-अलग नहीं बल्कि एक ही शब्द है.रेडक्रास के पूर्व वाइस चेयरमैन और सेवार्थ संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार टमकोरिया ने उन्हें देशज और आधुनिक ज्ञान का समन्वय जबकि दीनबंधु उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं होम्योपैथी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डी.पी.बल ने 'देवघर कालेज' को स्व.सहाय की मेहनत की बुनियाद पर ही खड़ा एक आदर्श शैक्षिक केंद्र बताया.

समारोह में पूर्व गृहमाता सुशीला सिन्हा, सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक उमेश चंद्र सिन्हा, होम्योपैथी चिकित्सक और समाजसेवी डा. अशोक कुमार सिन्हा, कथाकार प्रशांत कुमार सिन्हा, मानवशास्त्री सह इतिहासकार प्रसन्न कुमार चौधरी,प्रलेस के जिला सचिव प्रसून बसु,जे.पी.आंदोलनकारी कुमार रंजन, आयुर्वेद चिकित्सक और हैल्थ सलाहकार डा.मनोज, वाणिज्य कर सहायक आयुक्त संजय कुमार राव, सेवानिवृत्त शिक्षक और कवि जलेश्वर ठाकुर शौकीन, चिकित्सक लक्ष्मण प्रसाद साह,अखिल भारतीय वैश्य हलुवाई समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद 'बच्चन', अनुसेवक विकास कुमार दास इत्यादि ने भी अपनी भावाभिव्यक्ति में स्व.सहाय की शख्सियत को बड़ी आस्था से शामिल किया.

दीनबंधु उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य काजलकांति शिकदार के धन्यवाद-ज्ञापन के बाद समारोह का समापन हुआ.

दाद, खाज, खुजली से छुटकारा दिलाती है यह औषधि

आयुर्वेद को एक पुरानी पद्धति माना जाता है, इस पद्धति में देसी जड़ी बूटियों का प्रयोग कर रोगों से राहत दिलाई जाती हैं, और आयुर्वेद प्राचीन काल से ही चला आ रहा है, इस पद्धति में ऐसी जड़ी बूटियों के बारे में बताया जाता है जो औषधि जल्द से जल्द रोग को खत्म कर स्वस्थ बनाने का काम करती है, आज के इस पोस्ट में हम एक ऐसी औषधि के बारे में बताने वाले हैं जो आपके शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है, इस औषधि को हरड के नाम से जाना जाता है, यह फल विटामिन सी और खनिज पदार्थों से भरा हुआ है, इसके कई सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, तो चलिए फिर जान लेते हैं हरड़ के फायदे के बारे में

» यदि आप त्वचा से संबंधित एलर्जी से पीड़ित हैं तो ऐसे में आप हरड फल को पानी में उबालकर इसका काढ़ा बना ले और इसका सेवन दिन में दो बार नियमित रूप से करें, आपको बहुत जल्द त्वचा की एलर्जी से राहत मिलेगी

» हरड़ का नियमित रूप से सेवन करने से वजन तेजी से कम होता है और यह पाचन में सहायक है, इसके नियमित सेवन से गैस, एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्याएं नहीं होतीं और मोटापा भी धीरे–धीरे कम हो जाता है

» हरड़ का पल्प कब्ज से राहत दिलाने में बेहद गुणकारी है, यदि आप पल्प को चुटकी भर नमक के साथ सेवन करते हैं या फिर एक 2 ग्राम लोंग के साथ सेवन करते हैं तो कब्ज की समस्या से आपको राहत मिलती है

» मुंह में सूजन होने पर आप हरड के गरारे करें, इससे आपको मुंह की सूजन से तुरंत राहत मिलेगी

» फंगल एलर्जी या संक्रमण होने पर आप हरड के फल और हल्दी से तैयार लेप को प्रभावित भाग पर दिन में दो बार लगाएं, जब तक त्वचा सामान्य ना हो जाए इस लेप का इस्तेमाल

जारी रखें

जिद्दी खांसी से छुटकारा दिलाएगा शहद

खांसी की समस्या किसी भी समय और किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन इसे नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। कई बार लगातार दवाइयां खाने पर भी खांसी ठीक नहीं होती, लेकिन दवाइयों की वजह से शरीर को कई तरह के नुकसान होने लगते हैं, जैसे एलर्जिक रिएक्शन, चक्कर आना और लीवर से जुड़ी समस्याएं। ऐसे में खांसी का इलाज नेचुरल तरीके से करना ही बेहतर होता है।

अनानास और शहद से बना सीरप

आपको खांसी की समस्या से छुटकारा दिला सकता है।

- **सीरप को बनाने के लिए जरूरी सामग्री**
- **अनानास (कटे हुए)- दो कप**
- **शहद- दो टेबल स्पून**
- **अदरक का टुकड़ा- एक इंच**
- **नींबू का रस- आधा स्पून**
- **लाल मिर्च- एक चुटकी**
- **नमक- एक चुटकी**

कैसे बनाएं सीरप

» इन सभी सामग्रियों को लेकर एक साथ फ्लैंड कर लें जब तक कि ये सीरप की तरह न बन जाए। आप ऐसे ही इसका सेवन कर सकते हैं। अगर ये ज्यादा गाढ़ा हो तो आप इसे छलनी में छानकर एक साफ बोतल में डाल लें। इसे फ्रिज में स्टोर करें और एक हब्ते के अंदर इसका सेवन कर लें।

खांसी में असरदार

» अनानास बॉडी के इम्युन सिस्टम को स्ट्रोंग बनाता है, जिससे आप छोटे–मोटे वायरल बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं।

» अनानास में ब्रोमेलेन होता है जो फेफड़ों से ख्यूकस को निकालने में मदद करता है। यह एंजाइम्स का मिश्रण होता है जिसमें एंटी–ऑक्सीडेंट्स और एंटी–इंफ्लेमेट्री दोनों गुण होते हैं।

» इसमें मौजूद विटामिन सी एक बेहतरीन एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है।

» शहद भी म्यूकस को कम करने में लाभकारी होता है। कच्चे शहद में एंटीमा इक्रोबियल और एंटीऑक्सीडेंट प्रोपर्टीज होती हैं। कफ सीरप में शहद को ही तत्व के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

उबला हुआ आलू खाने से वेट होता है कम

आलू बिना हर सब्जी अधूरी लगती है। चाट हो या सब्जी हर शायद यही वजह है कि आलू को सब्जियों का राजा कहा जाता है। अक्सर हम आलू की सब्जी या भरता खाते हैं, पर क्या आपने उबला हुआ आलू खाया है? जी हां, जब आप उबले आलू का सेवन सलाद, दही या सिर्फ नमक मिलाकर खाएंगे, तो इसके कई सेहत लाभ होते हैं। उबला हुआ आलू प्राकृतिक रूप से विटामिन्स और मिनरल्स जैसे पोटैशियम, फॉस्फोरस, बी-कॉम्प्लेक्स, विटामिन सी से भरपूर होता है। इनमें कैलोरी और फैट कम होता है। और हाई फाइबर होने के कारण पेट देर तक भरा हुआ महसूस होता है। जानें, उबला हुआ आलू खाने के फायदे क्या-क्या होते हैं..

उबले हुए आलू में मौजूद पोषक तत्व उबले हुए आलू इसमें कई ऐसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखते हैं। आलू में पोटैशियम, विटामिन्स, फॉस्फोरस, मिनरल्स, कैल्शियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व होते हैं। ये सभी हानिकारक फंगस, बैक्टीरिया, कीटाणुओं से लड़ने में शरीर की मदद करते हैं। एक छिलका सहित बड़े उबले हुए आलू में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स अधिक होता है, जो शरीर को ब्लड सेल्स के निर्माण में मदद करता है और आप जो भी खाते हैं उनमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स फैट से एनर्जी का निर्माण करता है। उबले हुए आलू से आप प्रतिदिन विटामिन बी-6, 30 प्रतिशत नियासिन, थियामिन प्राप्त करते हैं। जब आप छिलका उतारकर आलू उबालते हैं, तो उसमें मौजूद विटामिन सी की आधी मात्रा खो देते हैं। मस्तिष्क के कार्य में होते है सुधार मस्तिष्क के कार्यों में सुधार करता है उबला हुआ आलू। कई शोध में पता चला है कि आलू में मौजूद विटामिन बी 6 सेरोटोनिन, डोलामिन आदि जैसे न्यूट्रांसमीटर्स को स्रावित करके मस्तिष्क की कार्यक्षमता और मनोदशा संबंधी विकारों को सुधारने में मदद करते हैं। फाइबर युक्त छिला हुआ उबला आलू हो या बिना छिला दोनों में ही उच्च फाइबर होता है। डायटरी फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त, निरोग और किसी भी तरह की समस्या से मुक्त रखने में मदद करता है। फाइबर कोलोन कैंसर की संभावनाओं को भी कम करता है। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ भोजन से खनिजों को हमारे शरीर में स्थानांतरित और पाचन तंत्र को साफ करने में मदद करते हैं। पाचन तंत्र खराब रहता है, कुछ भी खाते हैं, तो जल्दी नहीं पचता, पेट हेवी लगता है, तो यह कमजोर पाचन शक्ति की निशानी है। आलू में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है। पाचन को दुरुस्त करने और पेट की समस्याओं से बचे रहने के लिए उबला हुआ आलू खाएं। ब्लड प्रेशर होता है हाई जिनका ब्लड प्रेशर बहुत अधिक हाई रहता है, उन लोगों को उबला हुआ आलू अपने खानपान में नियमित रूप से शामिल करना चाहिए। आलू में मौजूद मैग्नीशियम उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करता है। हड्डियों के लिए फायदेमंद गठिया या हड्डियों से संबंधित कोई और समस्या होने पर भी उबला आलू खाना फायदा पहुंचाता है। आलू में मौजूद कैल्शियम, विटामिन, मैग्नीशियम अर्थराइटिस में होने वाले दर्द को कम करते हैं।

साभार : सप्तरंग

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529